समाचार

केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री श्री व्ही. सोमन्ना ने किया दर्री स्थित एस.एल.आर.एम.सेंटर का निरीक्षण

(महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद व आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय रहे उपस्थित)

कोरबा 30 नवम्बर 2024 – केन्द्रीय रेल राज्यमंत्री श्री व्ही.सोमन्ना ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के दर्री जोन अंतर्गत वार्ड क्र. 52 दर्रीखार में स्थित एस.एल.आर.एम.सेंटर का निरीक्षण किया तथा एस.एल.आर.एम.सेंटर में संचालित की जा रही अपशिष्ट प्रबंधन संबंधी विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया, स्वच्छता दीदियों से भेंट मुलाकात की। इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय भी उपस्थित थे।

भारत सरकार के रेल राज्यमंत्री श्री व्ही.सोमन्ना ने आज अपने कोरबा प्रवास के दौरान नगर पालिक निगम कोरबा के दर्रीखार स्थित एस.एल.आर.एम. सेंटर का निरीक्षण किया, वहॉ की व्यवस्थाओं को देखा, सेंटर में संचालित की जा रही कचरा प्रबंधन की विभिन्न गतिविधियों, कचरे का पृथकीकरण एवं उसका प्रबंधन का अवलोकन करते हुए सेंटर में कार्यरत स्वच्छता दीदियों से मुलाकात की तथा उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए सेंटर में स्वच्छता दीदियों द्वारा किए जा रहे अन्य कार्यो जैसे– मशरूम उत्पादन, झाल उत्पादन, गोबर से निर्मित दीये, छत्तीसगढ़ी व्यंजन उत्पादन आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी लेते हुए स्वच्छता दीदियों के प्रयासों

की प्रशंसा की। उन्होने सेंटर में पानी, बिजली, सहित उपलब्ध अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लेते हुए इस दिशा में निगम द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना की। इस मौके पर निगम द्वारा एस.एल.आर.एम.सेंटर में गीले कचरे से बनाए जाने वाले कम्पोस्ट खाद तथा सूखे व गीले कचरे के पृथकीकरण से उत्सर्जित सूखे अपशिष्ट के पुनः उपयोग आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी स्वच्छता दीदियों के द्वारा दी गई। इस अवसर पर निगम जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी कर्मचारीगण तथा अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।